SET -A

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023-24

कक्षा-10

विषय- सामाजिक विज्ञान

**समय -3 घंटा** **पूर्णांक-75 अंक**

**निर्देश**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
- प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सही ज 06 अंक, एक शब्द से एक वाक्य में उत्तर 06 अंक एवं सत्य /असत्य 06 अंक संबंधी प्रश्न है। प्रत्येक प्र हेतु 01 अंक निर्धारित है।
- प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं
- प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक 12 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।
- प्रश्न क्रमांक18 से 20 तक 03 प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं
- प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक 03 प्रश्न हैं,प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं |
- प्रश्न क्रमांक 23 मानचित्र आधारित प्रश्न है। प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं| मानचित्र पूर्ति कर उत्त पुस्तिका में संलग्न करें|

**प्रश्न-1 निम्नलिखि प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :- 1X6=6**

1. अवनींद्रनाथ टैगोर द्वारा बनाए गए चित्र में भारत माता के हाथ में फूल है तथा वे हाथी और शेर के बीच खड़ी हैं। इस चित्र में हाथी और शेर प्रतीक हैं -

   (अ) जंगली जानवर के (ब) शक्ति और सत्ता के

   (स) रंगों के (द) किसी के नहीं

2. अवनालिका अपरदन मृदा को बनाता है-

   (अ) कृषि के लिए अनुपयुक्त (ब) कृषि के लिए उपयुक्त

   (स) चरागाह के लिए उपयुक्त (द) वनों के लिए उपयुक्त

3. श्रिंगवेरा(इलाहाबाद) में जल संरक्षण हेतु एक 'उत्कृष्ट जल संग्रहण तंत्र' किस नदी में बनाया गया है ?

   (अ) गंगा नदी (ब) यमुना नदी

   (स) कावेरी नदी (द) नर्मदा नदी

4. 'राष्ट्रवाद' जो 19वीं शताब्दी के अंत में एक शक्ति के रूप में उभरा, का अर्थ है

   (अ) अपने देश और उसके इतिहास और संस्कृति के लिए मजबूत भक्ति

   (ब) अन्य राष्ट्रों के लिए प्रशंसा के बिना अपने देश के लिए मजबूत भक्ति

   (स) अपने देश के लिए मजबूत प्यार और दूसरों के लिए नफरत

   (द) दुनिया के सभी देशों के लिए समान रूप से मजबूत भक्ति

5. सत्ता की साझेदारी सही है क्योंकि -

   (अ) यह विविधता को अपने में समेट लेती है (ब) देश की एकता को कमजोर करती हैं

   (स) फैसले लेने में देर करती है (द) निर्णय को मजबूत करती है

6. सकल घरेलू उत्पाद का मापन कौन करता है?

   (अ) केंद्रीय सरकार (ब) राज्य सरकार

   (स) (अ) और (ब) दोनों (द) कोई नही

https://www.mpboardonline.com

631048

प्रश्न-2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-:- 1X6=6

1. जल संरक्षण से संबंधित 'खादीन' एवं 'जोहड' ---- राज्य से संबंधित है ।
2. सन 1918 में गांधीजी सूती कपड़ा कारखानों के मजदूरों के बीच सत्याग्रह आंदोलन चलाने .......... नगर पहुंचे थे ।
3. ...........अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी मुक्त व्यापार की अनुमति देती है और देशों के बीच आपसी व्यापार पर काम करती है।
4. असम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम संविधान के अनुच्छेद ---- के तहत विशेष शक्तियों का लाभ उठाते हैं।
5. भारत मानव विकास सूचकांक में ---------- श्रेणी में आता हैं ।
6. वन्य जीवो के आवास रक्षण हेतु पहला कानून ---------- में बनाया गया था ।

प्रश्न- 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में लिखिए : - 1X6=6

1. भारत में पहली कपड़ा मिल 1854 में बम्बई में लगाई गई ।
2. संविधान द्वारा 22 भाषाओं को सातवीं अनुसूची में रखा गया हैं।
3. जीडीपी (G.D.P.) का पूरा नाम सकल घरेलु उत्पाद कहलाता है।
4. मध्यप्रदेश में स्थानांतरित कृषि खरीफ नाम से जानी जाती है।
5. प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन सन 1943 आयोजित हुआ
6. डॉ. अंबेडकर द्वारा मार्च 1933 में दलित वर्ग एसोसिएशन की स्थापना की गई।

प्रश्न-4 सही जोड़ी बनाइए- 1X6=6

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. भैरव देव डाकव सेंचुरी | अ) द्वितीयक क्षेत्र |
| 2. श्रीलंका का प्राचीन | ब) राजस्थान |
| 3. बेल्जियम | स) सिंहली |
| 4. पहला विमुद्रीकरण | द) ब्रुसेल्स |
| 5. स्टेपलर | इ) रेशों के हिसाब से ऊन छांटना |
| 6. उद्योग ,कारखाना | फ)1946 |

प्रश्न-5 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए :- 1X6=6

क्रांति मानवजाति का जन्मजात अधिकार है जिसका अपहरण नहीं किया जा सकता। यह किसने कहा था?

पूर्ण स्वंतत्रता का प्रस्ताव कब पारित हुआ था ? https://www.mpboardonline.com

मई 1634 में किसने लिखा था कि "छोटी चेचक उपनिवेषकारों के लिए ईश्वर का वरदान है।"

'धर्म और राजनीति को अलग नहीं किया जा सकता'। उक्त कथन किसका है ?

ऋण की औपचारिक स्रोतों की कार्यप्रणाली पर भारत में कौन नजर रखता है ?

पेरियार बाघ रिजर्व परियोजना किस राज्य में स्थित हैं ?

प्रश्न-6 भारत में सबसे अधिक कौन सी मिट्टी पाई जाती है? इसकी कोई दो विशेषताएं लिखिए। 2


अथवा

भूमि निम्नीकरण के कोई दो कारण लिखिए ।

प्रश्न-7 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संकटग्रस्त जातियों को बचाने हेतु क्या नियम बनाए गए? 2

अथवा

पारिस्थितिक तंत्र क्या है? वन पारिस्थितिक तंत्र की उपयोगिता बताइयें।



https://www.mpboardonline.com

प्रश्न-8 उत्तर-पश्चिमी भारत में रबी फसलों की सफलता के दो कारण लिखिए। 2

अथवा

क्या कारण है कि भारतीय बाजार में जूट की मांग कम होती जा रही है?

प्रश्न-09 यूरोप में राष्ट्रवाद की शुरुआत कब और कैसे हुई? 2

अथवा

जॉलवेराइन नामक शुल्क संघ क्या था और इसकी स्थापना क्यों की गई ?

प्रश्न- 10 सता का क्षेतिज बटवारा क्या है। लिखिये?

अथवा

दबाब समूह क्या है? लिखिये।

प्रश्न-11 16वीं शताब्दी में अमेरिका की खोज ने व्यापार और जीवन को हर जगह कैसे बदल दिया ? एक उदाहरण दीजिए। 2

अथवा

'होम चार्ज' (देशी खर्चे) क्या थे?

प्रश्न-12 सूरत, हुगली और मछलीपट्टनम बंदरगाहो का महत्व 1700वी सदी के अंत में क्यों कम हो गया? 2

अथवा

ब्रिटेन की महिला कामगारो ने स्पिनिंग जेनी का विरोध क्यों किया ?

प्रश्न-13 भारत मे महिला व पुरुषो कि साक्षरता दर क्या है? लिखिये । 2

अथवा

महिलाओं का राजनीति में प्रतिनिधित्व से क्या तात्पर्य है। लिखिये ?

प्रश्न-14 विश्व बैंक की विश्व विकास रिपोर्ट के अनुसार समृद्ध देश एवं निम्न आय वाले देश के मानक क्या-क्या हैं? 2

अथवा

शिशु मृत्यु दर से आप क्या समझते हैं? इसे विकास के लक्ष्य में क्यों रखा जाता है?

प्रश्न-15 भारत में छिपी हुई बेरोजगारी सर्वाधिक किस प्राथमिक क्षेत्रक में पाई जाती है? लिखिए। 2

अथवा

कार्यों के आधार पर अर्थव्यवस्था को कितने भागों में विभाजित किया गया है?

प्रश्न -16 अर्थव्यवस्था को कितने क्षेत्रकों में विभाजित किया गया है? लिखिए। 2

अथवा

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी 2005 अधिनियम के प्रावधान लिखिए।

प्रश्न-17 औपचारिक क्षेत्रक और अनौपचारिक क्षेत्रक ऋण के बीच में अंतर लिखिए | 2

अथवा

बैंकों में जमा राशियाँ किस प्रकार बैंकों की आय का स्रोत बनती हैं? लिखिए।

प्रश्न-18 पर्यावरण के विनाश और पुनर्निर्माण की क्रियाशीलता से हमें क्या सीख मिलती हैं? 3

अथवा

जैव संसाधनों के विनाश द्वारा सभ्यता और संस्कृति का पतन हो रहा हैं कथन की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न-19 जी-77 देशों से आप क्या समझते हैं। जी-77 को किस आधार पर ब्रेटन वुड्स की जुड़वा संतानों की प्रतिक्रिया कहा जा सकता है। व्याख्या करें। 3

अथवा

1929 के दौरान अमेरिका में महामंदी के लिए जिम्मेदार किन्हीं तीन कारकों का विश्लेषण करें।?

प्रश्न-20 पंचायती राज विकेंद्रीकरण का आधार है अपने विचार लिखिए । 3

631048

अथवा

संघ सूची, राज्य सूची, व समवर्ती सची को समझाकर लिखिये ।

प्रश्न-21 भारत में मुद्रा को विनिमय का माध्यम कैसे स्वीकार किया गया हैं? आधुनिक मुद्रा को किसने प्राधिकृत किया है? 4

अथवा

चेक किसे कहते हैं? इसके द्वारा कैसे भुगतान होता है ?

प्रश्न-22 असहयोग आंदेलन' का उद्देश्य, कार्यक्रम, एवं महत्व लिखिए?

अथवा

महात्मा गाँधी के अनुसार, सामाजिक अपंगता केवल 'राजनीतिक सशक्तीकरण' से ही दूर हो सकती है।स्पष्ट कीजिए

प्रश्न-23 दिए गए भारत के सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए। 4

(i) तारापुर परमाणु संयंत्र (ii) चेन्नई बंदरगाह (iii) विशाखापट्टनम बंदरगाह (iv) कैगा परमाणु संयंत्र (v) ) जमशेदपुर (vi) बैरन ज्वालामुखी (vii) बेलाडीला (viii) कुद्रेमुख

https://www.mpboardonline.com